# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

मंगलवार
19 ,मई , 2026

वर्ष 2, अंक 99 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com








## नालंदा विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह आज, 219 छात्रों को मिलेगी डिग्री





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय में 19 मई को तृतीय स्नातकोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित नव-निर्मित 2000 सीट क्षमता वाले 'विश्वमित्रालय' सभागार में संपन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

समारोह में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेंद्र टंडन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय ने इस बार परीक्षाओं के समापन के मात्र नौ दिन बाद ही दीक्षांत समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसे छात्रों को समय पर उपाधि प्रदान कर उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



इस अवसर पर वर्ष 2024-26 बैच के कुल 219 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। ये छात्र भारत समेत 14 देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें वियतनाम, बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश शामिल हैं। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए आठ मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक भी दिए जाएंगे, जिनमें सात छात्राएं शामिल हैं।

दीक्षांत समारोह के बाद मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय के 'कौटिल्य सेंटर फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' का उद्घाटन भी किया जाएगा।

## नालंदा विश्वविद्यालय ने नीदरलैंड्स की ग्रोनिंगन यूनिवर्सिटी संग किया शैक्षणिक समझौता

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन के बीच 16 मई को शैक्षणिक सहयोग और वैश्विक ज्ञान साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते को उच्च शिक्षा, शोध और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस समझौते के तहत अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग, नवाचार और वैश्विक शिक्षा नेटवर्क को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन और शोध के नए अवसर मिलेंगे। समझौते का मुख्य उद्देश्य भारतीय विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को वैश्विक एक्सपोजर उपलब्ध कराना तथा उच्च गुणवत्ता वाले शोध और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों को प्रोत्साहित करना है।

इस साझेदारी के माध्यम से दोनों संस्थान



नवाचार, प्रतिभा विनिमय, वित्तीय सहयोग और अंतःविषय शोध को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल भारत और यूरोप के बीच अकादमिक संबंधों को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्राचीन नालंदा महाविहार के ऐतिहासिक परिसर के निकट स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय सभ्यतागत ज्ञान परंपराओं और आधुनिक अंतःविषय शिक्षा पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान है। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन यूरोप के प्रमुख शोध विश्वविद्यालयों में शामिल है, जिसे स्थिरता, ऊर्जा संक्रमण, नवाचार और वैश्विक अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वभर में पहचान प्राप्त है।

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और भ्रष्टाचार रोकने को डीएम ने दिए सख्त निर्देश




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर तकनीकी अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सात निश्चय-3 योजना के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में आम लोगों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ताओं से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनें और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले के सभी प्रखंडों में 19 मई 2026 को सहयोग शिविर लगाया जाएगा, जहां लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान करने का प्रयास होगा। आम नागरिक सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 और सहयोग पोर्टल sahyog.bihar.gov.in पर भी आवेदन कर सकेंगे।

जिलाधिकारी ने खनन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, भू-माफियाओं और सरकारी कार्यालयों में बिचौलियों के जरिए हो रहे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और सिटी स्कैन जैसी मशीनें पूरी तरह क्रियाशील रहें। खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और मरीजों को अनावश्यक रेफर नहीं किया जाए। साथ ही राणा बिगहा, चंडी में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश भी दिया गया।

गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने तथा खेत-खलिहानों में आग लगने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कृषि विभाग को फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर किसानों को मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों तक सोलर सिस्टम पहुंचाने, बाढ़ पूर्व तटबंधों की मरम्मत, सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मलमास मेला 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मेला ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



**नालंदा:-राजकीय मलमास मेला 2026 के अवसर पर ब्रह्मकुण्ड में स्नान करने आईं वृद्ध महिला को जिला प्रशासन नालंदा द्वारा व्हीलचेयर की सुलभता प्रदान की गई l**

# जैतीपुर मोड़ अतिक्रमण हटाने को प्रशासन सख्त, आठ लोगों को नोटिस जारी




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत चंडी ने जैतीपुर मोड़ पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात बाधित होने की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने आठ लोगों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।

नगर पंचायत द्वारा जिन लोगों को नोटिस भेजा गया है, उनमें शिवजी पाल, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार, बेबी कुमारी, राम वृक्ष, शेखर, नितीश कुमार और सुभाष कुमार शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी अनुपा कुमारी ने बताया कि जैतीपुर मोड़ पर सड़क की जमीन पर अवैध कब्जे के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर नगर पंचायत की टीम ने मौके का निरीक्षण किया, जिसमें सड़क किनारे अतिक्रमण पाया गया।

उन्होंने कहा कि यदि नोटिस के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया तो प्रशासन स्वयं कार्रवाई करेगा और अतिक्रमण हटाने में होने वाला खर्च तथा जुर्माना भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा।

प्रशासन ने लोगों से सरकारी जमीन और सार्वजनिक सड़कों पर कब्जा नहीं करने की अपील की है।

# भामाशाह जयंती समारोह में वैश्य समाज ने एकता और त्याग का संदेश दिया



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय बाजार में महान दानवीर भामाशाह की जयंती वैश्य समाज द्वारा हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वैश्य समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह की अध्यक्षता एवं संचालन गणेश कुमार ने किया।इस अवसर पर वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता डॉ. सुनील दत्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए भामाशाह के त्याग, राष्ट्रप्रेम और वीरता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भामाशाह का जन्म 29 अप्रैल 1547 को राजस्थान के मेवाड़ राज्य के पाली जिले के सादड़ी गांव में हुआ था। उन्होंने हल्दीघाटी युद्ध के बाद अपनी पूरी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान कर दी थी, जिसके बल पर महाराणा प्रताप ने विशाल सेना का गठन कर मुगलों से अपने क्षेत्र वापस हासिल किए। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं बल्कि एक साहसी योद्धा और कुशल रणनीतिकार भी थे।

समारोह में वरिष्ठ नेता अनिल कुमार अकेला, प्रदुमन कुमार, रामकृष्ण कुमार उर्फ भगवान जी, शशि रंजन कुमार, गौरव कुमार, सुदीश कुमार, टुन्नू जी, निरंजन कुमार, ऋषिकांत कुमार, दीपकांत कुमार, जैनेंद्र कुमार, आजाद कुमार, शैलेंद्र Kumar, पवन कुमार, मुन्ना जी, विवेक कुमार, मनीष कुमार, भोला जी, मुन्ना कुमार, मोहन कुमार, मुरली जी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।












# मजदूरी कर लौट रहे पिता को रौंदा, पांच बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र में देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। घर लौट रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पांच छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने के बाद परिवार के सामने भुखमरी और पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के चकदौदपुर गांव निवासी स्वर्गीय छोटे यादव के 45 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र यादव के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार कौशलेंद्र बेहद मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और पूरे घर की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी।

ग्रामीणों ने बताया कि कौशलेंद्र यादव ने मकनपुर पोखर के समीप कुछ जमीन खरीदी थी, जहां इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा था। शनिवार रात वह निर्माण स्थल से काम खत्म कर खाना खाने अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एकंगरसराय पथ पर मकनपुर गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरे। रात का समय होने के कारण सड़क पर सन्नाटा पसरा था और हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। काफी देर तक घायल अवस्था में कौशलेंद्र वहीं पड़े रहे।

कुछ समय बाद उधर से गुजर रहे राहगीरों की नजर घायल मजदूर पर पड़ी। लोगों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। इसके बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कौशलेंद्र यादव को तत्काल इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने बताया कि कौशलेंद्र यादव के तीन छोटे बेटे और दो बेटियां हैं, जिनकी पढ़ाई-लिखाई और परवरिश की पूरी जिम्मेदारी अब परिवार पर आ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

इधर सूचना मिलते ही नूरसराय थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल सदर अस्पताल भेज दिया।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस जल्द ही वाहन और चालक का पता लगाने का दावा कर रही है।

# छह राज्यों समेत नेपाल-भूटान के रक्तवीर नालंदा सम्मान समारोह में होंगे शामिल



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा ब्लड ग्रुप टीम के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर शहर के टाउन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर टीम के सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।आयोजकों ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून को सुबह 7 बजे रक्तदान जागरूकता रैली से होगी। इस रैली में नेपाल, भूटान समेत भारत के कई राज्यों और शहरों जैसे दिल्ली, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, लखनऊ और पंजाब से आए रक्तवीर भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे आयोजित क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा। वहीं सुबह 11 बजे से भव्य रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. मोहम्मद अमजद सिद्दीकी होंगे। इसके अलावा शहर के कई चिकित्सक, जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बिहार के विभिन्न जिलों से आए रक्तवीर भी समारोह में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में हैवन ग्रुप ऑफ कंपनीज का विशेष सहयोग है, जिसके लिए नालंदा ब्लड ग्रुप टीम ने आभार व्यक्त किया है।









# बराह पंचायत सहयोग शिविर में अठारह विभाग सुनेंगे ग्रामीणों की एकसाथ जनसमस्याएं




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र की बराह पंचायत में दो जून को पंचायत सरकार भवन परिसर में विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के अंतर्गत लगाया जा रहा है। पंचायतवार आयोजित होने वाले इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

बराह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार ने बताया कि शिविर में बराह, कल्याण बिगहा, दलदलीचक, डिहरा, महथवर, टाडापर समेत आसपास के गांवों के ग्रामीण भाग लेंगे। शिविर में लोगों की समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही पूर्व से लंबित जनहित से जुड़ी शिकायतों की सूची तैयार कर उनके निष्पादन पर भी कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान एक माह के भीतर हर हाल में करना अनिवार्य होगा। तय समय में समस्या का समाधान नहीं होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब भी किया जा सकता है। शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, ताकि उनकी ट्रैकिंग और समाधान की निगरानी की जा सके।

नोडल पदाधिकारी सह बीसीओ कृष्ण कुमार ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें राजस्व, पीएचईडी, कृषि, बिजली समेत लगभग 18 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। ग्रामीण अपनी शिकायतें ऑफलाइन पंचायत सचिव को या ऑनलाइन माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।

# हरनौत प्रखंड कार्यालय के पास झोपड़ी दुकान में आग, सामान जलकर राख हुआ



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड कार्यालय स्थित पीएचईडी कार्यालय के समीप सोमवार दोपहर एक झोपड़ीनुमा दुकान में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया गया।

घटना में झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। पीड़िता चंद्रकांता देवी ने बताया कि वह डाक बंगला रोड स्थित हरनौत प्रखंड कार्यालय के पास भूंजा की दुकान चलाती हैं।

सोमवार दोपहर अचानक उनकी झोपड़ी में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आगलगी की घटना में करीब 10 हजार रुपये मूल्य की सामग्री जलकर नष्ट हो गई। घटना के दौरान कुछ देर के लिए आसपास के इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकल कर्मियों की मदद की। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित महिला ने प्रशासन से सहायता की मांग की है। वहीं आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।






# हरनौत के पावरलिफ्टर झंडू कुमार कॉमनवेल्थ गेम्स में दिखाएंगे दमदार प्रदर्शन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत के प्रतिभाशाली पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी झंडू कुमार अब कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ब्रिटेन के ग्लासगो शहर में 23 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में वे पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

कॉमनवेल्थ गेम्स को लेकर झंडू कुमार लगातार कड़ी मेहनत और अभ्यास में जुटे हुए हैं। नालंदा पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की देखरेख में वे नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले भी वे कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं। वर्तमान में उनका आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं।

नालंदा पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव कुंदन कुमार पांडेय तथा अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि झंडू कुमार की उपलब्धि पूरे नालंदा जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।एसोसिएशन के कई सदस्यों और रॉकस्टार जिम के कोचों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। झंडू कुमार की इस उपलब्धि से स्थानीय युवाओं में खेलों के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

# उखड़ा गांव पहुंच पूर्व विधायक रणविजय सिंह ने स्वर्गीय मीना देवी को श्रद्धांजलि दी




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रणविजय सिंह सोमवार को हरनौत प्रखंड के उखड़ा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय मीना देवी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्व. मीना देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

पूर्व विधायक ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी मेंपूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

ज्ञात हो कि स्वर्गीय मीना देवी की मौत बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर चेरो ओपी क्षेत्र के खरुआरा हॉल्ट के समीप रेल लाइन पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से हो गई थी। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई थी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद्र भारती, बिजन कुमार, राम जन्म प्रसाद, कृष्ण प्रसाद राम एवं उदय प्रसाद सहित कई लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।






# नालंदा में पंचायतवार सहयोग शिविर से आमजन की शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नालंदा जिले में पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार 19 मई, 2 जून, 16 जून, 30 जून, 7 जुलाई और 21 जुलाई 2026 को जिले के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर में पहुंचे लोगों की शिकायतों को सम्मानपूर्वक सुनकर प्रशासनिक पदाधिकारियों की अध्यक्षता में उनका समाधान किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने शिकायतों के निष्पादन की निगरानी के लिए प्रखंडवार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की है। बिहारशरीफ एवं नूरसराय प्रखंड के लिए सोमनाथ सिंह, हरनौत एवं रहुई के लिए राजीव रंजन कुमार सिन्हा तथा राजगीर प्रखंड के लिए सूर्य प्रकाश गुप्ता समेत कई अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सहयोग शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करें, समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

# नालंदा में पेट्रोल और गैस आपूर्ति सामान्य, जमाखोरों पर होगी सख्त कार्रवाई

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सोमवार को जिले में रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर और जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिलाधिकारी ने सभी कंपनियों को निर्देश दिया कि मांग को देखते हुए पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें और जरूरत पड़ने पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तेल भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल समन्वय कर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में बताया गया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8522 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राजगीर मलमास मेला 2026 को देखते हुए होटलों और सामुदायिक रसोईयों के लिए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कई वार्डों में पाइपलाइन पूरी तरह बिछाई जा चुकी है और अब तक 1963 लोगों को पीएनजी कनेक्शन दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील करते हुए कहा कि इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होगी और सुरक्षित गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने जमाखोरी और कालाबाजारी की सूचना टोल फ्री नंबर 06112-233168 पर देने की अपील करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# बेन में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर प्राथमिकी

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने बताया कि जयपत पासवान ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके खेत की फसल नष्ट कर दी गई तथा घर पर चढ़कर मारपीट और गाली-गलौज की गई। इस मामले में उन्होंने अजीत पासवान, सूरज पासवान, प्रमोद पासवान, विक्की पासवान और मिंटू पासवान को नामजद अभियुक्त बनाया है।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से विकास पासवान ने भी आवेदन देकर आरोप लगाया है कि जयपत पासवान, जयंती कुमारी, सिकंदर पासवान, जितेंद्र पासवान, मुस्कान कुमारी, निशु कुमारी, सुरुचि कुमारी और दीपक कुमार ने उनके साथ मारपीट की।पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण से बदलाव लिख रहा सुनहरा भारत फाउंडेशन



पटना (अपना नालंदा)। सुनहरा भारत फाउंडेशन आज देश में सामाजिक बदलाव की एक नई पहचान बनता जा रहा है। संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, खेल, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिल रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक बुनियादी सुविधाएं और जागरूकता पहुंचाना है।

हाल के दिनों में संस्था ने "स्वस्थ भारत महाअभियान" के तहत बिहार और झारखंड के दूरदराज गांवों में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने हजारों लोगों की स्वास्थ्य जांच की और महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। मोबाइल हेल्थ वैन के माध्यम से उन क्षेत्रों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं, जहां पहले कभी बड़े मेडिकल कैंप नहीं लगे थे। इस दौरान मलेरिया, डेंगू, टीबी, एनीमिया और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच शिविर और रक्तदान शिविर भी लगाए गए।

युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए संस्था ने "राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज अभियान" शुरू किया है। इसके अंतर्गत फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट, प्रशिक्षण और पेशेवर कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। विजेताओं को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का अवसर भी प्रदान किया गया।भारतीय लोककला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्था ने पटना, रांची और मुंबई में "राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति महोत्सव" का आयोजन किया। कार्यक्रम में भोजपुरी, मैथिली, मगही, राजस्थानी और आदिवासी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोक कलाकारों को मंच और आर्थिक सहयोग देकर संस्था ने उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य किया।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए "नारी शक्ति अभियान" के तहत सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, हस्तशिल्प और स्वरोजगार से जुड़े प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। कई महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता और जरूरी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।शिक्षा के क्षेत्र में संस्था ने कई जिलों में "डिजिटल शिक्षा केंद्र" शुरू किए हैं, जहां गरीब और वंचित बच्चों को मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा, स्मार्ट क्लास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। साथ ही पुस्तक वितरण अभियान चलाकर हजारों बच्चों को किताबें, कॉपियां और स्कूल बैग दिए गए।संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए "हरित भारत मिशन" भी चला रही है। इसके तहत हजारों पौधे लगाए गए और लोगों को जल संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया गया। संस्था के संस्थापक किस्सू राहुल ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी बदलाव लाना है।

# संतन बिगहा में भव्य कलश यात्रा संग लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के संतन बिगहा गांव स्थित देवी स्थान मंदिर परिसर में सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा और रासलीला कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

कलश यात्रा से पहले हिलसा शहर स्थित बाबा अभय नाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम परिसर में जलभरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। फतुहा से लाए गए पवित्र गंगाजल से ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ कलश उठाकर शोभायात्रा निकाली। यह भव्य यात्रा कुर्मीया बिगहा और लहरा डाकहोते हुए संतन बिगहा गांव के देवी स्थान मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्ति गीत, शंखध्वनि और जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भगवान के भजनों पर झूमते नजर आए।

आयोजक सोनू कुमार, केतु कुमार और गोलू कुमार ने बताया कि कलश यात्रा के साथ ही पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई है। आगामी सात दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा, रासलीला और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई थी।

# हर खेत तक पहुंचेगा पानी, नलकूप संचालन अब होगा और मजबूत



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोकसेवक आवास, एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में ट्यूबवेल, तालाब, आहर, पईन और पोखरों के रख-रखाव को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा राजकीय नलकूपों के संचालन को प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में लघु जल संसाधन विभाग के सचिव बी० कार्तिकेय धनजी ने ट्यूबवेल के रख-रखाव और संचालन से संबंधित विभागीय योजनाओं एवं प्रस्तावों की जानकारी दी। वहीं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर तथा पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विभागों की ओर से सुझाव प्रस्तुत किए।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय नलकूपों के रख-रखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी लघु जल संसाधन विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा पंचायती राज विभाग आपसी समन्वय के साथ इस योजना को सफल बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सिंचाई की महत्वपूर्ण भूमिका है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना आवश्यक है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मॉनसून की अनिश्चितता को देखते हुए राजकीय नलकूप पूरी तरह कार्यशील रहें, ताकि किसानों को पटवन में किसी तरह की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने वार्ड स्तर पर मैनेजमेंट कमिटी बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि यह समिति नलकूपों के संचालन और रख-रखाव की निगरानी करेगी। उन्होंने तालाब, आहर, पईन और पोखरों के संरक्षण और उपयोगिता पर भी जोर दिया तथा कहा कि इन जलस्रोतों की सिंचाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग को अपना अलग इंजीनियरिंग सेल गठित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि अभियंताओं की नियुक्ति होने से पंचायत स्तर पर निर्माण और तकनीकी कार्य अधिक प्रभावी तरीके से किए जा सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के बाहर स्थित नालों को ढकने की आवश्यकता नहीं होने की बात भी कही।

बैठक में लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# बिहार के बीस जिले गैस नेटवर्क से जुड़े, आपूर्ति व्यवस्था हुई और मजबूत



पटना (अपना नालंदा)। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) की छठी उच्चस्तरीय बैठक सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि बिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। सहरसा और बांका जिले के गैस नेटवर्क से जुड़ने के बाद अब राज्य के 20 जिले गैसयुक्त हो चुके हैं। अप्रैल 2026 में रिकॉर्ड 10,952 नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए, जबकि 18 मई तक 6,252 नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं। राज्य में अब तक कुल 1.15 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हो चुके हैं।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि राज्य में प्रतिदिन औसतन 3.59 लाख एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। एलपीजी की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें 2,333 अवैध सिलेंडर जब्त किए गए और 154 प्राथमिकी दर्ज की गईं।

मुख्य सचिव ने लंबित पीएनजी आवेदनों का शीघ्र निपटारा करने, गैर-गैसयुक्त जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने तथा निर्माण कार्यों और टेलीकॉम टावरों के लिए निर्बाध डीजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में तेल और गैस को लेकर किसी प्रकार का संकट नहीं है तथा सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्रियों ने सुनी समस्याएं, नीतीश नेतृत्व पर जताया विश्वास



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, लेसी सिंह एवं सुनील कुमार ने विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम में अनिल कुमार, नवीन आर्य चंद्रवंशी, लोकप्रकाश सिंह तथा रामचरित्र प्रसाद भी उपस्थित रहे।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार सोमवार से शुक्रवार तक नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल को जनता का लगातार समर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

वहीं मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं और उनके नेतृत्व में सरकार एवं संगठन मजबूती से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी में पद और दायित्व किसी व्यक्ति की क्षमता, कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण और जनता के बीच उसकी स्वीकार्यता के आधार पर तय किए जाते हैं। उन्होंने "थैली लेकर मंत्री बनाए जाने" जैसी चर्चाओं को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि जनता नीतीश कुमार के खिलाफ किसी भी आधारहीन टिप्पणी को स्वीकार नहीं करेगी।

# बिहार में निवेश और उद्योग विस्तार को लेकर मंत्री ने अधिकारियों संग की समीक्षा




पटना (अपना नालंदा)। उद्योग विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग की विभिन्न योजनाओं, औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक आधारभूत संरचना के विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा विभागीय समन्वय को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिहार में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और गति बनाए रखें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

बैठक में रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और निवेशकों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने को लेकर विभिन्न प्रस्तावों और योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की।

# गोल्डन आवर जागरूकता संग सड़क सुरक्षा नियमों पर चालकों को दिया गया प्रशिक्षण




अजीत कुमार


जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी एवं गैर सरकारी बस चालकों को सुरक्षित यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह तथा मोटर यान निरीक्षक ब्रजकिशोर कुमार ने वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन, सड़क दुर्घटना के दौरान त्वरित सहायता तथा गोल्डन आवर के महत्व के बारे में जागरूक किया।

अधिकारियों ने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। साथ ही वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, फिटनेस सर्टिफिकेट, वाहन परमिट एवं टैक्स रसीद जैसे जरूरी दस्तावेज हमेशा अद्यतन रखकर वाहन में साथ रखने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि सड़क दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा यानी "गोल्डन आवर" बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान घायल व्यक्ति को समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि दुर्घटना पीड़ित की मदद करने वाले राहवीर को सरकार की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिला परिवहन विभाग ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की

# मॉडल स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और शिक्षा व्यवस्था सुधारने पर हुई समीक्षा बैठक



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा कार्यालय, जहानाबाद में जिले के सभी मॉडल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नामांकन अभियान में तेजी लाने, शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि नामांकन अभियान को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ जल्द पूरा किया जाए। विशेष रूप से नौवीं कक्षा में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विशेष प्रयास कर अभिभावकों और विद्यार्थियों को नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाए।

उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक, पुस्तक वितरण तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के समय पर क्रियान्वयन को विद्यालय प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया। साथ ही चेतावनी दी कि योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों में स्थापित विज्ञान प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर लैब और अन्य शैक्षणिक प्रयोगशालाओं को नियमित रूप से संचालित रखने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# ओकरी अस्पताल निरीक्षण में विधायक ऋतुराज कुमार ने लापरवाही पर जताई नाराजगी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। घोसी विधायक ऋतुराज कुमार ने सोमवार को ओकरी सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, गंदगी और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। विधायक ने अस्पताल प्रभारी को व्यवस्था सुधारने का सख्त निर्देश देते हुए अनुपस्थित तीन डॉक्टरों की हाजिरी काटने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल परिसर, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मरीजों को निर्धारित भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि कागजों पर खर्च दिखाकर राशि निकाली जा रही है। इस मामले में उन्होंने अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार क्षेत्र के सरकारी स्कूलों और अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले भी विधायक हुलासगंज अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि विधायक ऋतुराज कुमार इस बार स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं तथा लापरवाह डॉक्टरों, कर्मचारियों और शिक्षकों पर कार्रवाई कर रहे हैं। निरीक्षण के बाद अस्पताल कर्मियों में हड़कंप का माहौल देखा गया। विधायक ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हत्या कांड के मुख्य आरोपी को हथियारों सहित पुलिस ने पटना से पकड़ा



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद पुलिस को हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में बड़ी सफलता मिली है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एसडीपीओ सदर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हत्या कांड के मुख्य आरोपी को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से कई अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

एसडीपीओ ने बताया कि 23 फरवरी 2026 की शाम परस बिगहा थाना क्षेत्र में अखिलेश यादव को आरोपी रौशन कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ घेरकर पेट में गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल अखिलेश यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद परस बिगहा थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी टीम की सहायता से पुलिस ने अपराधियों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की। इसी दौरान मुख्य आरोपी रौशन कुमार उर्फ रुखी को पटना से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, 22 जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार मोबाइल नंबर बदलकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था।प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ने इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जनसुनवाई में उमड़ी भीड़, सरकारी दफ्तरों में समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत “सबका सम्मान-जीवन आसान” अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को नवादा जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर तक आम लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता वरीय उप समाहर्ता मनोज चौधरी ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा कुल 20 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच एवं कार्रवाई के लिए भेजा गया।

जनसुनवाई में अस्पताल मोड़ निवासी मनोज कुमार ने अतिक्रमण हटाने, गोविंदपुर डीह निवासी मो. समीर ने सड़क की ओर रास्ता दिलाने, राजापुर इन्दौल के रामऔतार पासवान ने योगदान नहीं करवाने तथा रोह थाना क्षेत्र के उदित पांडेय ने जमीन विवाद से संबंधित आवेदन दिया। इसके अलावा भी कई नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

वरीय उप समाहर्ता ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से आम लोगों में राहत और भरोसा बढ़ा है।

# जनजातीय गांवों में विशेष अभियान शुरू, हर परिवार तक पहुंचेगी सरकारी योजनाएं




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा जिले में जनजातीय परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से विशेष जनभागीदारी अभियान “सबसे दूर–सबसे पहले” की शुरुआत की गई। डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन ने बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10 मई से 9 जून 2026 तक “जनजातीय गरिमा उत्सव 2026” मनाया जा रहा है। इसी के तहत 18 से 25 मई तक “सबसे दूर–सबसे पहले” अभियान चलाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के चारप्रमुख आधार — जनभागीदारी, संतृप्तिकरण, क्षेत्र भ्रमण एवं जनसुनवाई — हैं। इसके माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने, समस्याओं के त्वरित समाधान तथा लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि नवादा जिले के रजौली और कौआकोल प्रखंड की छह पंचायतों में करीब 350 जनजातीय परिवार निवास करते हैं। इन गांवों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य जांच, टीबी एवं सिकल सेल एनीमिया जांच, बैंकिंग समेत कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अभियान के तहत जनसुनवाई कर शिकायतों का समाधान किया जाएगा तथा अधिकारी गांवों का भ्रमण कर जनजातीय परिवारों की जरूरतों का आकलन भी करेंगे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, सिविल सर्जन विनोद कुमार चौधरी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बालू ट्रैक्टर का कहर: स्कूल से लौट रहे भाई-बहन को रौंदा, छात्रा की मौत, सड़क जाम

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)। नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। स्कूल से साइकिल से घर लौट रहे भाई-बहन को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिससे 13 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

बताया जाता है कि बाघीवरडीहा-बरबीघा एसएच-83 मार्ग पर मई मोड़ के पास इंटर विद्यालय मंजौर के दो छात्र छुट्टी के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि साइकिल के पीछे बैठीछात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइकिल चला रहा छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया।

मृत छात्रा की पहचान हाजीपुर पंचायत केचुल्हाय बीघा गांव निवासी ब्रह्मदेव रविदास की 13 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी के रूप में की गई है। वहीं घायल छात्र की पहचान उसी गांव के मुनिरका रविदास के 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को वारिसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही मृत छात्रा के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। सड़क पर बेटी का शव देखकर मां रूबी देवी दहाड़ मारकर रोने लगीं। उनका करुण विलाप सुनकर आसपास मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। बताया जाता है कि बेटी की मौत के सदमे में मां बार-बार बेहोश हो रही थीं।

हादसे से नाराज ग्रामीणों ने छात्रा का शव सड़क पर रखकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। ग्रामीण प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। लोगों का आरोप था कि इस मार्ग पर बालू लदे वाहनों की तेज रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

घटना की सूचना पर बीडीओ अमित कुमार, एसआई अखिलेश्वर सिंह, जमादार पप्पू कुमार, कन्हैया सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जा रहा है कि मृत छात्रा पूनम कुमारी ने इसी वर्ष नवमी कक्षा में नामांकन कराया था। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं घायल छात्र की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

# जहानाबाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले के भेलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत निसरपुरा गांव में एक युवक की बेरहमी से पिटाई के बाद मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान 19 वर्षीय शिवम के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तथा गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।परिजनों के अनुसार शिवम अपने डेकोरेशन गोदाम में सो रहा था, तभी गांव के कुछ युवक वहां पहुंचे और लाठी-डंडे तथा लोहे के रॉड से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिवम को आनन-फानन में सदर अस्पताल जहानाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया।इलाज के दौरान 18 मई 2026 को पटना के एक निजी नर्सिंग होम में उसकी मौत हो गई। सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद लाया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। परिजन और स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मृतक के परिवार को न्याय दिलाया जाए।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैंनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोंकेप्रिय हिंदी दैंनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
अपना नालंदा
ई-पेपर
12 मई 2024
सभी अंक
एक ही जगह
कहीं भी,
पढ़ें
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
अपना नालंदा
नालंदा: विकास की नई उड़ान
ताजा खबरें • निष्पक्ष पत्रकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें